सीपीडब्ल्यूडी के सहयोग से डाक्टर्स हॉस्टेल, नर्सेस हॉस्टेल, धर्मशाला इत्यादि का निर्माण कार्य अप्रैल 2019 में शुरू हुआ एवं 2021 के तीसरी तिमाही तक पूर्ण होने की संभावना है।

होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं शोध केन्द्र, मुजफ्फरपुर, बिहार :

अस्पताल के मुख्य भवन की योजना भूतल + चार उपरी मंजिल का था जिसके लिए निर्माण क्षेत्र 18236 वर्ग मीटर (1,96,190 वर्ग फीट) था। आरटी ब्लॉक में भूतल + एक उपरी मंजिल 3000 वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्र के साथ योजनाबद्ध की गई।

सीपीडब्ल्यूडी द्वारा चौतरफा दीवार एवं मुख्य द्वारा का निर्माण कार्य जारी था। सीएसआर की सहायता से मॉड्युलर कैंसर अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा हुआ।

होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं शोध केन्द्र, विशाखापट्टनम, आन्ध्र प्रदेश :

यह 100 बिस्तर वाले अस्पताल का निर्माण था जिसमें निर्मित क्षेत्र 36700 वर्ग मीटर था। परिसर में आरटी ब्लॉक, अस्पताल भवन, पंजीकरण ब्लाक, सेवा ब्लाक, धर्मशाला ब्लाक, डाक्टर्स व नर्सेस हॉस्टेल, एवं केफेटेरिया ब्लाक शामिल थे ।आर टी ब्लाक में रेखीय त्वरक, पीईटी सीटी, एसपीईसीटी सीटी, एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्स रे, ओपीजी, अल्ट्रासाउन्ड केथ लैब व टेलीकोबाल्ट शामिल थे जिनका निर्माण व स्थापना कार्य रोगी सेवा हेतु किया गया। अस्पताल भवन के एक हिस्से का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। ओपीडी, डे-केयर अन्य सुविधाओं के साथ पहले से ही स्थापित किए जा चुके थे। अस्पताल के पूर्ण रूप से आरम्भ होने की संभावित दिनांक मई 2021 से थी।

मालदीव:

पऊवि के सहयोग से 100 बिस्तरों वाला कैंसर अस्पताल की स्थापना पर संभाव्यता अध्ययन कार्य जारी था।

सामान्य औषधि

प्रमुख : डॉ. शीला सावंत

सामान्य औषधि विभाग इस अस्पताल का एक महत्वपूर्ण अंग है क्योंकि सभी रोगी अस्पताल में विभिन्न समस्याओं हेतु परामर्श के लिए अस्पताल में आते हैं। इस विभाग ने सभी बाह्य रोगियों एवं भर्ती रोगियों को परामर्श सेवाएं प्रदान की जो कि उपचार में रोगियों की सह-रुग्णता हेतु शल्य, रेडियोथेरेपी या कीमोथेरेपी हेतु आवश्यक थी। स्टाफ के सदस्यों ने आईसीयू प्रबन्धन हेतु उपयोगी इनपुट प्रदान किए जिसमें बिस्तर पर इकोकार्डियोग्राफी या वार्ड में ईकोकार्डियोग्राफी आपातकालीन रोग प्रबन्धन हेतु तथा पेरी उपचार के दौरान उपचार प्रबन्धन हेतु आवश्यक थे। इस विभाग ने सामान्य रोग पहलू जैसे मधुमेह, उच्च रक्तदाब, ईरोमिक हृदयरोग, जनित विषैलापन, अस्थमा, सीओपीडी के प्रबन्धन के अतिरिक्त, कीमोथेरेपी एवं विकिरण-जनित आम्लताएं, प्रतिरोधी क्षय संक्रमण का प्रबन्धन (विशेषकर एचआईवी), ओंकोलोजी रोगियों के कुछ तीक्ष्ण जटिल समस्याएं जैसे संक्रमण, पल्मोनरी जटिलताएं, कार्डियोवस्कुलर रोग एवं मेटाबोलिक असामान्यता इत्यादि हेतु भी सेवाएं प्रदान की।

विभाग की सेवाओं व स्टाफ पर कोविड का प्रभाव :

कोविड महामारी की शुरूआत के पश्चात विभाग के लिए मुख्य चुनौती पल्मोनरी क्रिया जांच (पीएफटी) सेवाओं को जारी रखना था। संक्रमण नियंत्रण की महत्ता को पहचानते हुए पीएफटी प्रयोगशाला को एचबी लैब से मुख्य भवन में स्थानांतरित किया गया ताकि प्रयोगशाला के लिए अधिकतम वायु प्रवाह उपलब्ध कराया जा सके। पीएफटी जांच कार्य सहज नियंत्रण प्रयासों के साथ किए गए। महामारी के दौरान कोई भी स्टाफ सदस्य कोरोना संक्रमण से ग्रासित नहीं हुआ।

इकोकार्डियोग्राफी के कार्य पाइन्ट आफ केयर अल्ट्रासोनोग्राफी (पीओसीयूएस) प्रोटोकोल के तहत किए गए। दुर्भाग्यवश तीन तकनीकी स्टाफ सदस्य, एक श्रमिक व एक अग्रिम पंक्ति कर्मचारी वर्ष 2020 में कोविड संक्रमण से ग्रसित हुए।

सेवाएं :

अन्वेषणात्मक सेवाएं :

वर्ष के दौरान विभाग ने **8670** परामर्श प्रदान किए। कुल 7429 इकोकार्डियोग्राफी जांच, 1662 पल्मोनरी क्रिया जांच, 21932 इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम इस वर्ष के दौरान किए गए। कार्डियोपल्मोनरी स्ट्रेस टेस्ट सेवाएं भी प्रदान की गई।

	2016	2017	2018	2019	2020
परामर्श	14,216	14,400	14,600	14,640	**8670**
इकोकार्डियोग्राफी	11,108	11,562	12,383	12,449	**7429**
पल्मोनरी क्रिया जांच	4140	4264	4968	5125	**1375**
इलेक्ट्रो कार्डियोग्राफी (ईसीजी)	34,491	38,584	40,752	41,179	**21,932**

विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं :



अ) एआईडीएस रूग्णता चिकित्सा:

2020 में, 94 परामर्श किए गए (51 नए रोगी एवं 34 फोलो-अप) जिन्हें बहु-आयामी उपचार प्रदान किए कए।

ब) कैंसर थ्रोम्बोसिस चिकित्सा:

2020 में कुल 1340 परामर्श किए गए (357 नए रोगी एवं 983 फोलो-अप)। उपचार प्रक्रिया रोगी की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप अपनाई गई ।

क) कार्डियो-ओंकोलोजी चिकित्सा:

एडजुवेंट उपचार में बृहद स्तर पर तीक्ष्ण एवं दीर्घ कार्डियेक जटिलताओं की संभावनाएं थी। इस विभाग का ध्यान कैंसर उपचार से संबंधित कार्डियोवस्कुलर जटिलताओं को समयपूर्व पहचानने पर था ताकि रोगी को कैंसर का उपचार तार्किक रूप से मिल सके। वर्ष 2020 में 287 परामर्श किए गए (37 नए रोगी एवं 250 फोलो-अप)।

शिक्षा:

इस विभाग ने संक्रमण रोगों पर 2 वर्षीय एचबीएनआई फैलोशिप कार्यक्रम आयोजित किया। प्रतिवर्ष एक फैलो को इसके लिए पंजीकृत किया गया।

शोध:

- बाल्य कैंसर उत्तरजीवियों में मेटाबोलिक सिन्ड्रोम(1347) को पूर्ण (200 रोगी) किया गया।
- दीर्घकालिक स्तन कैंसर उत्तरजीवियों में कार्डियोवस्कुलर रोगो का सह-प्रसार। अन्वेषणकर्ता द्वारा आरम्भ एवं अनुमोदित : वित्तपोषण की प्रतिक्षा है।

विभाग के स्टाफ द्वारा चार (04) प्रकाशन किये गए।

सह-पाठ्येत्तर गतिविधियाँ:

डॉ. अनुप्रीता दड्डी ने मार्च 2020 में स्मार्ट कम्यूट फाउन्डेशन द्वारा आयोजित `हील्स ऑन व्हील्स' प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। उन्होंने `राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान 2020' में भी भाग लिया जिसका आयोजन मुम्बई ट्रांसपोर्ट कमिश्नर कार्यालय ने किया था।

मेडिकल ओंकोलोजी

प्रमुख : डा. कुमार प्रभाष

कैंसर एक दैहिक रोग है, टीएमएच में पंजीकृत अधिकांश रोगियों को चिकित्सा ओंकोलोजी विभाग के चिकित्सा मेडीकल स्टाफ द्वारा देखा गया जो कि दैहिक उपचार प्रदान करते है जो कि कीमोथेरेपी लक्ष्य-आधारित उपचार, होमोरल उपचार तथा प्रतिरोधी उपचार (मोनोक्लोनल एंटीबाडीज एवं चेक पाइंट इनहिबिटर) के रूप में होती है। यह विभाग सभी वयस्क एवं बाल्य कैंसर रोगियों को उत्कृष्ट एवं दक्ष सेवाए आधुनिक शोध कार्यों के आधार पर उपलब्ध करवाने हेतु पूर्ण समर्पित रहा और इसी के साथ पूरे देश से एवं मध्यम आय वाले देशों (आईएमआईसी) के चिकित्सा विद्यार्थीयों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण अवसर प्रदान करने में भी संलग्न रहा।

शल्य एवं विकिरण चिकित्सा से विपरीत जो कि अधिक बार प्रदान नहीं की जा सकती है ऐसे कैंसर रोगी जिन्हें दैहिक उपचार की आवश्यकता थी, उन्हें न केवल बहु-चक्रिय (4 से 6 चक्र एवं उपचार के 3 वर्ष तक तीक्ष्ण लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया में) उपचार प्रदान किए गए बल्कि उन्हें बहु-आयामी उपचार (6 से 8 तक) प्रदान किए जो कि प्रतिरोधी/प्रसारित या रिलेप्स्ड रोगों के मामलों में थे। ये दैहिक उपचार स्थानीय उपचार के पूर्व दिए गए (प्री-एडजुवेंट सेटिंग) जो कि शल्य/विकिरण चिकित्सा के रूप में स्थानीय चिकित्सा (एडजुवेंट सेटिंग) के पश्चात थे और क्यूरेटिव सेटिंग हेतु मरम्मत उपचार के रूप में थे तथा जीवन की गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से उन्नत कैंसर के मामलों में पेलिएटिव उपचार के रूप में थे। भर्ती रोगियों हेतु बिस्तर की उपलब्धता सीमा को ध्यान में रखते हुए अधिकांश उपचार डे-केयर के रूप में किए गए जो कि बाह्य रोगी के रूप में रहे। रोगियों की सुविधा हेतु विशेषज्ञता उपलब्ध होने की स्थिति में उन्हें उनके निवास स्थान पर कीमोथेरेपी हेतु संदर्भित किया गया।

सेवाएं :

इस विभाग के कार्यभार का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2020 में, विभाग ने 24,168 नए रोगियों को देखा। यहां पर 8,675 अंतरंग रोगी एडमिशन हुआ, 1,18,004 डे-केयर एडमिशन, 2,12,901 रोगियों को ओपीडी में देखा गया एवं लगभग 26,487 आकस्मिक रोगी रहे। 18,726 प्रक्रियाएं की गई जो कि लघु ओटी में थी एवं इसमें अस्थिमज्जा एस्पिरेशन एवं बायोप्सी ल्यूमर पंक्चर एवं इन्ट्रा थीकल इंजेक्शन एवं टेपिंग (प्लूरल, एस्कोटिक इत्यादी) सम्मिलित रहे। ये सभी कार्य केवल 33 स्टाफ सदस्यों द्वारा संपादित किए गए जिनको 11 विभिन्न चिकित्सा समूहों में विभाजित किया गया और इस हेतु 80 दक्ष एवं मेहनती रेजीडेन्ट एवं फोलो सम्मिलित रहे। यह विभाग विभिन्न इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री, फलोसाइटोमेट्री, साइटोजेनेटिक एवं आण्विक जांच कार्यों के विकास एवं उपलब्धता के कारण जोखिम विभाजन एवं व्यक्तिगत उपचार उपलब्ध करवा पाया जिसके कारण रोगियों को न केवल अन्य प्रभावों में कमी हुई एवं मूल्य में भी कमी हो पाई अपितु उपचार परिणाम भी बेहतर हो पाएं।बाल्य चिकित्सा विभाग ने चिकित्सा जांच परामर्श, प्रबन्धन फोलो अप एवं पेलिएटिव सेवायें गहन रूप से 15 वर्ष से कम आयु वाले बाल्य कैंसर रोगियों हेतु उपलब्ध करवाई। यहां पर 15 वर्ष से कम आयु वाले 1,298 बाल्य रोगियों का पंजीकरण टीएमएच में वर्ष 2020 में हुआ, इसके अतिरिक्त 1,459 बाल्य कैंसर रोगी द्वितीय परामर्श या जांच कार्य हेतु आएं। क्यूरेटिव चिकित्सा की उच्च लागत और सामाजिक

आर्थिक सीमाओं के कारण जो कि उच्च क्यूरेटिव उपचार लेने वाले परिवारों से संबंधित थी संकाय सदस्यों ने महसूस किया कि पूर्व उपचार ऐसे मामलों में सुरक्षित रहा और परिणाम बेहतर हुए जो कि मात्रात्मक एवं गुणवत्ता दोनों रूप से थे। इन प्रयासों के कारण उपचार बीच में छोड़ने एवं उपचार मनाही की दर 4 से कम रख पाना संभव हुआ तथा साथ ही 15 वर्ष से कम आयु वाले बाल्य रोगियों में 5 वर्ष उत्तर-जीवन की दर 70 से अधिक रखी जा सकी।

अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण इकाई (बीएमटी) देश की कुछ बीएमटी इकाईयों में से एक रही जो कि असंबंधित एवं दुश्कर एवे हेपोलोआइडेन्टीयल मज्जा प्रत्यारोपण में विशेषज्ञ है।

शिक्षा :

यह संस्थान देश के अग्रणी संस्थानों में से एक था जो कि कार्यकारियों को चिकित्सा ओंकोलोजी में प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। किसी भी समय पर यहां पर 100 विद्यार्थी प्रशिक्षण हेतु विद्यमान थे जो कि टीएमएच में था जिसमें 64 डीएम (मेड-ओंको.) 12 डीएम (पेड-वन), 3 फेलो हीमो वन/ बीएमटी/ चिकित्सा ओंकोलोजी विभाग, आणविक प्रयोगशाला डीएन विद्यार्थीयों के प्रशिक्षण, पीएचडी फैलोशिप तथा आणविक ओंकोलोजी में परसेप्टरशिप कार्यक्रम में सलग्न रहे।

विभागीय सदस्यों की नियुक्ति देश के विभिन्न डीएन परीक्षाओं एवं पीएचडी समितियों में हुई। संकाय सदस्यों को संस्थानों/ बैठकों/ सेमीनार में देश के विभिन्न भागों मे आमंत्रित किया गया ताकि अपने ज्ञान का प्रसार आमंत्रित चर्चा एवं विचार विमर्श के माध्यम से कर सके। विभाग के सदस्य देश में उपचार दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु विभिन्न आईएपी एवं आईसीएमआर समितियों के सदस्य रहें।

शोध :

शोध इस संस्थान की दृष्टि का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ रहा। विभाग के सदस्य वर्ष 2020 में टीएमसी आईआरबी द्वारा अनुमादित 30 से अधिक नई शोध परियोजनाओं के प्रमुख अन्वेषणकर्ता रहे एवं कई अन्य के सह-अन्वेषणकर्ता रहे। ये सब 2020 में 38 प्रकाशनों का हिस्सा रहे। कुछ सदस्य सिर व गरदन कैंसर में प्रक्रिया परिवर्तन प्रकाशन हेतु मुख्य अन्वेषणकर्ता रहे। कई प्रलेख अन्तर्राष्ट्रीय बैठकों में प्रस्तुत किए गए जो कि बाद में विख्यात जर्नलों में प्रकाशित हुए। कई विभागीय सदस्य देश से प्रकाशित होने वाले कैंसर पर जर्नलों के एडिटोरियल बोर्ड के सदस्य रहे। वरिष्ठ संकाय सदस्य सीएमआर, डीसीजी आई, एनसीसीपी, डीबीटी एवं डीएसटी जैसी विभिन्न वैज्ञानिक समितियों के सदस्य रहे।

विभाग के पास अपनी आधुनिक आणविक प्रयोगशाला थी। इस प्रयोगशाला में कई नए आणविक एवं जीनोमिक जांच कार्यों का विकास किया गया जो कि आरम्भ में शोध आधारित थे एवं एक बार सिद्ध होने के पश्चात मानकीकरण करके सेवा आधारित बनाए गए और ये न केवल अस्पताल रोगी बल्कि पूरे देश से रोगियों हेतु वहनीय कीमतों पर उपलब्ध हुए। विभागीय सदस्य एक्ट्रेक में चिकित्सा विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना हेतु सदस्य रहे एवं इस कार्य हेतु सहयोग प्रदान किया। इस प्रयोगशाला ने ठोस ट्यूमर एनजीएस का मानकीकरण किया एवं इस पर रिपोर्ट देना आरम्भ किया।

मेडिकल ओंकोलोजी आणविक प्रयोगशाला

प्रभारी अधिकारी : डा. कुमार प्रभाष

चिकित्सा ओंकोलोजी आणविक प्रयोगशाला (एसओएमएल) विभाग, एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला की शुरूआत 2005 में हुई और यह टाटा मेमोरियल अस्पताल (टीएमएच) की प्रथम प्रयोगशाला थी, जिसमें आणविक अध्ययन कार्य किए गए, सर्व प्रथम रिवर्स ट्रांसस्क्रिप्शन पॉलीमेरेज चेन रिएक्शन (आरक्यूं–पीसीआर) शुरू किए गए। यह प्रयोगशाला नेक्स्ट जनरेशन सीक्वेसिंग टेस्ट (एनजीएस) एवं जांच में द्रव बायोप्सी जांच के मानकीकरण एवं लागू करने वाली पहली प्रयोगशाला थी। एमओएमएल ने नए आणविक एवं जीनोमिक जांच कार्य का विकास किया जो कि शोध आधारित थे और एक बार मानकीकरण एवं सिद्ध होने के पश्चात यह जांच बाद में सेवा आधार पर न केवल टीएमएच में पंजीकृत रोगियों अपितु पूरे देश में रोगियों को वहनीय कीमत पर उपलब्ध करवाई गई। वर्ष 2013 से जांच सेवाएं आणविक पेथोलोजी को स्थानांतरित कर दी गई एवं प्रयोगशाला ने शोध, विकास एवं शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित किया।

शैक्षणिक :

वर्ष 2016 से यह विभाग नियमित रूप से शैक्षणिक परसेप्टरशिप कार्यक्रम ईजीएफआर म्यूटेशन आकलन, नॉन स्माल लंग केंसर (एनएससीएलजी) हेतु जारी रखे हुए है। 2017 से आणविक ओंकोलोजी जिसमें विभिन्न एनसीआर में सघन प्रशिक्षण एवं नेक्स्ट जनरेशन सीक्वेंसिंग शामिल है, उन पर एक वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की। पीएचडी, डीएम एवं एमडी विद्यार्थियों, जिसमें डॉक्टर्स को शिक्षा दी जाती है उनके लिए नियमित रूप से कक्षाएं आयोजित की गई।

प्रयोगशाला विभिन्न शैक्षणिक कार्यशालाओं एवं सम्मेलनों के आयोजन में संलग्न थी जो कि लंग कैंसर, जीनोमिक आकलन, कम्प्यूटेशनल एवं चिकित्सा बायोलोजी, इत्यादी विषयों पर थी।

शोध :

कम्प्यूटेशनल बायोलोजी, बायोइन्फोर्मेटिक्स एवं क्रासटाक प्रयोगशाला केन्द्र की स्थापना का कार्य एक्ट्रेक में किया जा रहा था।

वर्तमान में जारी शोध परियोजनाओं में निम्नलिखित शामिल थे :

1. कैंसर रोगियों में सोमेटिकम्यूटेशन का अध्ययन। इसका उद्देश्य हमारे अभिभावकों में कैंसर से संबंधित म्यूटेशन की पहचान एवं लक्षणीकरण का कार्य करता था।

2. हड्डी एवं लचीले ऊतकों में बीटा एडरनर्जिक रिसेप्टर

3. मेट्रोनोमिक उपचार में डब्ल्यूएनटी संकेतन मार्ग

4. थायराइड कार्सिनोमा में जीनोमिक प्रोफाइलिंग

5. लंग सीक्वेन्स एवं स्माल सेल लंग कैंसर के नमूनों में मास आरे जीनोटाइपिंग, इसका उद्देश्य भारतीय मूल में लंग सीक्वेंस् एवं स्माल सेल लंग कैंसर में अरोनेबल आल्ट्रोन्स में लैन्डस्केप को परिभाषित करना था। यहां कुल 54 म्यूटेन्स पर प्रोफाइलिंग का कार्य किया गया।

6. ओसिमेरनिब प्रयोगः एक इन विट्रो प्रयोग ओसिमेरनिब एवं लंग कैंसर सेल लाइन पर इसका मानकीकरण कार्य जारी था।

7. चिकित्सा एवं आणविक लक्षणीकरण एवं परिणाम हेतु उन्नत गाल ब्लेडर कैंसर अभिभावकों में प्रोसपेक्टिव पर्यवेक्षणीय सामूहिक अध्ययन।

मेडिकल फिजिक्स्

प्रमुख : डा. आर.ए. किन्हीकर

विकिरण क्षेत्र विश्लेषक के साथ ट्रूलीम रेखीय त्वरक (उच्च दक्षता डोजीमीटरी)

चिकित्सा भौतिकी विभाग में 22 चिकत्सा भातिज्ञ टीएमएच में एवं एक्ट्रेक (ठेके पर 8 शामिल) एवं अन्य तकनीकी स्टाफ थे। इसी के साथ बारह (12) चिकित्स भौतिज्ञ प्रशिक्षु बीएआरसी मुंबई एवं बीसीसीआई गुवाहाटी से टीएमएच एवं एक्ट्रेक में थे। विशेष विवरण तैयार करना, रेडियोथेरेपी उपकरणों की खरीद, स्थापना स्वीकार्यता, डोजीमेट्री, आवर्ती केलिब्रेशन एवं गुणवत्ता आश्वासन, छायांकन मशीनों की मरम्मत (सिमुलेटर/सीटी सिमुलेटर), टेलीथेरेपी एवं ब्रेकीथेरेपी मशीन, उपचार योजना, रेडियोथरेपी रोगियों हेतु डॉजीमेट्री, विकिरण स्त्रोत की खरीद, विकिरण सुरक्षा पर ध्यान देना एवं स्टाफ की सुरक्षा, रोगी, जनसामान्य की सुरक्षा इत्यादी कुछ महत्वपूर्ण कार्य इस विभाग द्वारा किए गए।

सेवाएं :

यह विभाग सक्रिय रूप से डोजीमेट्री, विभिन्न रेखीय त्वरकों से बीम डाटा प्राप्त करना, टेलीकोबाल्ट एवं ब्रेकीथेरेपी मशीन योजना एवं क्रियान्वयन एवं विशिष्ट तकनीक जैसे 3डी मल्टीलिफ मोलीमीटर (एमएलसी) द्वारा कन्फर्मल उपचार, स्टीरियोटेक्टिक बाडी रेडियोथेरेपी (एसबीआरटी), इन्टेंसिटी मोडयुलेटेड रेडियोथेरेपी (आईएमआरटी), वोल्युमेट्रिक मोडुलेटेड आर्क थेरेपी (बीएमएटी) छाया निर्देशित रेडियोथेरेपी (आईजीआरटी) उपचार इत्यादि कुछ महत्वपूर्ण कार्य थे, जो विभागीय स्टाफ द्वारा संपादित किए गए।

विभाग ने अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेन्सी (आईएईए)/ विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)/ भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र (बीएआरसी) की गतिविधियों में भाग लेकर डोज इन्टर कम्पेरिजन एवं अन्य चिकित्सा प्रयासों जैसे राष्ट्रीय शोध समूह (एनआरजी)/ विकिरण चिकित्सा ओंकोलोजी (आरटीओजी)/ रेडियोथरेपी एवं ओंकोलोजी पर यूरोपियन समुदाय (ईएसटीआरओ) इत्यादि द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मानकों की अनुपालना सुनिश्चित की।

चिकित्सा भौतिकी विभाग ने कैंसर रोगियों के लिए रेडियो थेरेपी हेतु विकिरण ओंकोलोजी विभाग के साथ पूर्ण सम्बद्धता के साथ कार्य किया। यहां पर कुल 6 रेखीय त्वरक, 2 टोमोथेरेपी मशीन, 5 ओएस, टेलीकोबाल्ट मशीन, आरटी उपचार हेतु दो सिमुलेटर (पारंपरिक एवं सीटी सिमुलेटर) इत्यादि उपचार एवं टेलीथेरेपी योजना हेतु उपलब्ध थे। ब्रेकीथेरेपी रोगियों का उपचार आईआर-192 एचडीआर आफ्टर-लोडिंग मशीन द्वारा किया गया।

इस विभाग द्वारा केलीब्रेशन, गुणवत्ता आश्वासन, सभी टेलीथेरेपी एवं ब्रेकीथेरेपी मशीनों का रखरखाव, उपचार योजना एवं डोजीमेट्री, विकिरण स्त्रोंतों की खरीद, स्टाफ/ रोगियों/ जनसामान्य हेतु विकिरण सुरक्षा एवं संरक्षा इत्यादि महत्वपूर्ण कार्य किए गए।

यह विभाग कई उन्नत उपकरणों से सुसज्जित रहा जैसे कि उपचार योजना तंत्र, टीपीएस (एक्लिप टोमो प्लान, ओनसेन्ट्रा प्लान) उच्च दक्षता डोजीमीटर एवं केलिब्रेशन उपकरण (डीओएसई) यूनीडोस टोमोग्राफी, 3-डी वाटर फेन्टम (नीला फेन्टम, 3डी स्कैनर), प्रगत रोगी विशिष्ट डोजीमेट्री तंत्र (ओक्टावियस 4डी मेप्री एक्सएक्स इवोल्युशन), टीएलडी रीडर (रेक्सीन), फिल्म डोजीमेट्री तंत्र (ओम्नो प्रो), गेफक्रोनिक फिल्म डोजीमेट्री तंत्र, इत्यादी।

इस विभाग ने अन्य विभागों को भी सुझाव प्रदान किए जैसे कि नैदानिक रेडियोलोजी, ट्रांसफ्यूजन औषधि, टिशू बैंक, बायो इमेजिंग एवं एक्ट्रेक (सीआरआई) को उनके विकिरण संरक्षा की आवश्यकता हेतु, इन विवो डोजीमेट्री, गुणवत्ता आश्वासन, स्त्रोत खरीद एवं एईआरबी के दिशानिर्देशों के तहत निस्तारण इत्यादि। विभाग के सदस्य सक्रिय रूप से आरटी कक्ष की विकिरण सुरक्षा योजना, उपकरण विवरण इत्यादि जो कि वाराणसी के नए केन्द्र एवं विशाखापट्टनम एवं मल्लनपुर हेतु थे।

शिक्षा :

एईआरबी के एक सदस्य ने पीएचडी हेतु पंजीकरण डॉ. आर.ए. किन्हीकर को गाइड के रूप में नियुक्त करवाया (एचबीएनआई)। विभागीय सदस्यों ने अपने ज्ञान को बढ़ाने का कार्य प्रकाशनों के माध्यम से एवं राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेकर निरंतर रूप से जारी रखा। वरिष्ठ चिकित्सा भौतिज्ञ को विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने भौतिज्ञों, चिकित्सकों, नर्सों, तकनीविदों एवं नई राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेन्सी (आईएईए) के प्रशिक्षुओं को शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया। विभाग ने 2 वर्षीय रेडियोथरेपी तकनीशियन हेतु प्रगत डिप्लोमा कार्यक्रम आरम्भ किया जो कि महाराष्ट्र राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड (एमएसबीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त था। वर्ष 2020 में वाराणसी, विभाग एवं संगरूर में चिकित्सा भौतिज्ञों को नियुक्त किया गया।

शोध :

इस विभाग द्वारा कई शोध परियोजनाएं आरम्भ की गई और साथ ही विकिरण ओंकोलोजी विभाग के साथ भी शोध परियोजनाएं शुरू की गई। फ्लेटनिंग फिल्टर फ्री (एफएफएफ) बीम डोजीमेट्री एवं मेडाप्ति थरेपी पर शोध परियोजनाएं टीएमएच आचार समिति द्वारा स्वीकृत की गई। आईएईए द्वारा एक अन्तर्राष्ट्रीय शोध परियोजना स्माल फील्ड डोजीमेट्री विषय पर प्रदान की गई और यह सफलतापूर्वक पूर्ण की गई । कई अन्य शोध परियोजनाएं जारी थी। आगामी प्रोटोन थेरेपी पर शोध परियोजना प्रस्तुत की गई जिसके लिए सक्षम अधिकारी का अनुमोदन लंबित है।

भविष्य की योजनाएं :एक्ट्रेक प्रोटोन सुविधा हेतु स्थल तैयारी एवं निर्माण कार्य जारी था तथा शीघ्र ही इसका स्थापना कार्य शुरू किया जाएगा।

विभाग ने एमएलसी द्वारा भाभाट्रोन एवं स्वदेशी ब्रेकीथेरेपी मशीन किर्किनीडोन हेतु उपचार योजना तंत्र की स्थापना का कार्य शुरू किया है।

विभाग ने विकिरण ओंकोलोजी विभाग की सहायता से आरयू-106आर व प्लेक उपचार व्यवस्था शुरू करने की योजना बनाई है। विभाग वर्तमान में रेडियोथरेपी मशीन को स्थापित करने हेतु तैयार था एवं इसकी स्थापना नए टीएमसी कैंसर अस्पतालों से भारत में अन्य स्थानों पर भी की जाएगी।

मैक्रोबायोलॉजी

प्रमुख : डॉ. संजय के बिस्वास

सूक्ष्म जैविकी विभाग अस्पताल संक्रमण एवं अन्य सूक्ष्म जीवाणु जो कि कैंसर रोगियों के लिए हानिकारक हो सकते है, उनकी सही तरीके से पहचान करने हेतु पारंपरिक विधियों के अतिरिक्त नई तकनीकी का उपयोग भी सफलतापूर्वक करता रहा।

आण्विक जांच विधियों की सहायता से त्वरित एवं सटीक रूप से वायरल संक्रमणा का पता लगाना यहां की नियमित प्रक्रिया रही। वायरोलोजी जांच सेवाओं का विस्तार हीमेटोलिम्फोइड रुग्णता एवं अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण वाले मामलों में रोगियों की आवश्यकता पूर्ति हेतु किया गया। शल्य पेथोलोजी विभाग की सहायता से अप्रैल माह से सार्स कोरोना वायरस-2 का जांच कार्य आरम्भ किया गया।

जोखिम क्षेत्रों में एवं वार्ड में चिकित्सकीय दौरे किए गए ताकि स्वास्थ सेवा संबंधी संक्रमणों एवं संक्रमित जटिलताओं का प्रबन्धन हेतु सहयोग प्रदान करके सेवा की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके।

विभाग ने माइक्रोबेक्टेरिया ग्रोथ इंडिकेटर ट्यूब (एमजीआईटी) तंत्र की खरीद की ताकि माइक्रोबेक्टीरियल जीवाणुओं का त्वरीत रूप से पता लगाकार स्वास्थ लाभ प्रदान किया जा सके। इसका मानकीकरण एवं पुष्टिकरण का कार्य सम्पन्न किया गया एवं फरवरी माह से इसे नियमित सेवा प्रदान करने हेतु उपलब्ध करवाया गया ।

सेवाएं :

कुल नमूने प्रक्रियाबद्ध किए गए **1,28,410**

टर्न अराउंड समय की अनुपालना पिछले वर्ष के समरूप रखने हेतु की गई।

गुणवत्ता सूचक :

विभाग लगातार दो शकों से प्रयोगशाला हेतु राष्ट्रीय प्रमाणन बोर्ड द्वारा प्रमाणित है।

शिक्षा:

संकाय सदस्य एमडी सूक्ष्म जैविकी कार्यक्रम एवं पेथोलोजी में एमडी कार्यक्रम हेतु स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के प्रशिक्षण में संलग्न रहे, इसके अतिरिक्त ट्रान्सफ्यूजन औषधि एवं डीएम क्रिटिकल केयर औषधि पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया ।



वर्तमान में जारी शैक्षणिक कार्यक्रम जैसे कि अस्पताल संक्रमण नियंत्रण प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, प्रयोगशाला जैवसुरक्षा एवं संक्रमण नियंत्रण में तकनीकविदों को प्रशिक्षण, सुश्रुषा कर्मियों को प्रशिक्षण, डायलिसिस तकनीशियन को प्रशिक्षण इत्यादि को कोविड महामारी के दौरान आयोजित नहीं किया जा सका।

शोध : संकाय सदस्यों ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जरनलों में लेख प्रकाशित करना जारी रखा।

न्यूक्लियर मेडिकल एंड मॉलिक्यूलर इमेजिंग

प्रमुख : डॉ. वैंकटेश रंगराजन

इस विभाग ने भारत में किसी एक संस्थान से सर्वाधिक पीईटी/सीटी स्कैन के कार्य किए। विभाग ने अपनी सेवाएं 3 पीईटी/सीटी स्कैनर एवं एकल फोटोज उत्सर्जन कम्प्यूटराइज्ड् टोमोग्राफी पीटी (एमपीईसीटी/सीटी) स्कैनर के माध्यम से उपलब्ध करवाई। विभाग के अस्पताल में रेडियोफार्मसी ने 99एम टेक्नीशियन, 68 गेलियम एवं 177 ल्यूटेशियम मुद्रित रेडियोफार्मास्युटिकल्स जांच एवं उपचार हेतु उपलब्ध करवाए। एक 5 बिस्तर वाला रेडियोआइसोटोप उपचार सुविधा क्रियाशील थी जहां रांगीयों का उपचार 177 ल्यूटेशियम, 90 मिट्रियम, 153 सरमेरियम एवं 131 आयोडीन द्वारा किया गया।

सेवाएं :

इस विभाग ने **11,751 पीईटी/सीटी स्कैन** 18 एफएफओजी, 28एफ फ्लोराइड 18 एफ फ्लोरोएथिल, टायरोसाइन 18 एफ थाईमिडिन, 18एफ मिजो, 18एफ पीएसएमए, 68 जीए-डीओटीए-एनओसी, 68 जीए-आरजीडी , 68जीए-एक्सेडिनका उपयोग करके कीं। इसके अतिरिक्त **3,431नाभिकिय औषधि जांच** कार्य किए गए जिसमें प्लानर, एसपीईजीटी एवं एसपीईसीटी/सीटी अध्ययन शामिल थे। वार्ड में 73 रेडियोआईसोटोप उपचार प्रक्रियाएं आयोजित की गई। विभाग ने टीएआरई ट्रांसआर्टेरियल रेडियोमोबिलाइजेशन प्रोसीजर हेतु सहयोगी सेवाएं प्रदान कीं। इस विभाग ने एक्ट्रेक में पीईटी/सीटी स्कैनर उपलब्ध करवाया और उसके द्वारा 1991 एफओजी पीईटी/सीटी स्कैन किए गए।

शिक्षा :

विभाग ने 6 विद्यार्थियों हेतु नाभिकीय औषधि में एमडी पाठ्यक्रम आयोजित किया । नाभिकीय औषण एवं आणविक छायांकन में जांच विद्यार्थियों हेतु एनएससी एवं 10 विद्यार्थियों हेतु फ्यूजन छायांकन तकनीक में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित किए। यहां पर अप्रेंटिस एवं पर्यवेक्षण कार्यक्रम कई राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षुओं हेतु आयोजित किए गए। विभाग के स्टाफ ने नाभिकीय औषधि एवं आणविक छायांकन विषय पर एक पुस्तक भी लिखी ।

शोध :

विभाग ने शोध परियोजनाओं में भाग लिया जिसमें 68 जीए पीएसएमए, 177 एलयू डीओटीए टीएटीई शामिल थे। विभाग ने रिडक्सीमेल का उपयोग करके उपचार विकास पर कार्य किया। विभाग ने सफलतापूर्वक एक अन्तर्राष्ट्रीय परियोजना बायोनिम्स नीदरलेन्ड- मास्त्रेइच विश्वविद्यालय एवं सीडीएसी के साथ पूर्ण किया एवं एक नई शोध परियोजना टीआरएआईएन की घोषणा की। विभाग ने जांच एवं उपयोग का कार्य किया। विभाग ने परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद के साथ मिलकर एक द्विवर्षीय अध्ययन कार्य सम्पन्न किया जिसके द्वारा डिले डिके टेंक की आवश्यकता के बिना 177 ल्यूटेशियम रेडियोफार्मास्युटिकल आधारित उपचार संभव बनाने हेतु संभावित नियामक परिवर्तन कर पाना संभव हुआ।

नर्सिंग

उप नर्सिंग अधीक्षक : सुश्री सिन्धु नायर
प्राचार्य : सुश्री अनिता डी'सूजा

हम साथ हैं तो मजबूत हैं

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने फ्लोरेस नाइटिंगल के 200 वे जन्म दिन पर उनके सम्मान में वर्ष 2020 को `अन्तर्राष्ट्रीय सुश्रुषा एवं दाई वर्ष' घोषित किया।

कोविड महामारी :

जबकि कोविड महामारी ने पूरे विश्व को झकझोर दिया था, टाटा मेमोरियल अस्पताल में सुश्रुषा कर्मी इसके खिलाफ एकजुट होकर खडे हुए ताकि बेहतर उपचार परिणाम प्राप्त हो सकें। 447 विभागीय सुश्रुषा कर्मी एवं 373 ठेके पर सुश्रुषा कर्मियों के एक मजबूत दल के साथ विभाग ने महामारी का मुकाबला किया एवं वर्ष 2020 के आगे देख पाया ।

कई वार्ड को कोविड 19 वार्ड में परिवर्तित किया गया। कोविड 19 रोगियों के उपचार हेतु 100 सामान्य बिस्तर एवं 14 आईसीयू बिस्तर उपलब्ध करवाएं गए। ये सभी पृथक एवं क्वारंटाइन वार्ड सुश्रुषा कर्मियों एवं सहयोगी स्टाफ द्वारा संचलित किए गए और इसके लिए उन्हें संक्रमण नियंत्रण पर डोनिंग, डोफिंग एवं संक्रमण नियंत्रण प्रक्रियाओं पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

संक्रमण नियंत्रण प्रक्रिया जिसमें हाथ स्वच्छता, एन 95 मास्क का उपयोग एवं सतह शुद्धिकरण शामिल है, उस पर सभी सुश्रुषा स्टाफ एवं सहयोगी स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण सुश्रुषा प्रभारी एवं उनके सहयोगियों द्वारा संक्रमण नियंत्रण एवं बचाव पर प्राप्त किया गया।

कोविड बचाव उपायों हेतु संक्रमण नियंत्रण सुश्रुषा कर्मियों द्वारा प्रशिक्षति वक्तियों की संख्यो		
सुश्रुषा कर्मी	श्रमिक स्टांफ (नियमित)	कोविड परियोजना स्टोफ
919	1322	115

ओंकोलोजी सुश्रुषा विद्यार्थी एवं एमएससी सुश्रुषा विद्यार्थियों ने कोविड महामारी के दौरान सुश्रुषा सेवा प्रदान करने में सहयोग प्रदान किया।

विपरीत परिस्थितियों के बावजूद महामारी के दौरान नॉन कोविड रोगी वार्ड, डे केयर, ओपीडी एवं आपरेशन थिएटर में सुश्रुषा सेवाएं अबाधित जारी रहीं।

सुश्रुषा सेवियों ने अपने समर्पण एवं निश्चय द्वारा अपने डर से लड़कर रोगियों एवं कर्मचारियों को सेवा एवं सुरक्षा प्रदान की।



विभिन्न स्थान जहां से सुश्रुषा कर्मियों ने रोगियों के रक्त नमूने एकत्रित किए :

रक्त नमूने संक्रमण			
गोल्डन जुबली ब्लॉक	**होमी भाभा ब्लॉक**	**पेलिएटिव चिकित्सा**	**प्रिवेंटिव ओंकोलोजी**
1,29,626	99,161	7420	3425

इंजेक्शन कक्ष में आये रोगियों की संख्या

इंजेक्शन कक्ष में आगमन रोगियों की संख्या	
सामान्य रोगी	निजी रोगी
30,709	23,748

सुश्रुषा कर्मियों द्वारा संचालित औषधालय :

केन्द्रीय वस्क्युलर एक्सेस डिवाइस, पेरीफेरल इंसर्शन, सेन्ट्रल लाइन, स्टोमा चिकित्सालय सिर्फ सुश्रुषा कर्मियों द्वारा संचालित किए जाते है।

बचाव ओंकोलोजी एवं पेलिएटिव केयर में वे संबंधित विभागीय कर्मचारियों को सहयोग प्रदान करते है।



ऑक्यूपेशनल थेरेपी

प्रभारी अधिकारी : डॉ. मंजूषा वागल

व्यावसायिक चिकित्सा विभाग ने कैंसर रोगियों को व्यक्तिगत उत्पादकता, अच्छी एवं गुणवत्ता जीवन-पद्धति प्रदान करने हेतु आकलन, लक्ष्य निर्धारण, इंटरवेंशन एवं व्यक्तिगत रूचि के व्यवसाय में संलग्नता प्रदान के साथ ही उनकी भौतिक, सामाजिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक जरूरतों पर भी ध्यान दिया। यहां पर विभिन्न आयु वर्ग के विभिन्न प्रकार के रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई जिसमें अस्पताल, घर, भर्ती रोगी पेलिएटिव केयर इकाई तथा सामुदायिक आधारित पुनर्वास सेवाएं सम्मिलित थी ।

सेवाएं :

रोगियों को व्यावसायिक चिकित्सा सेवाएं ओपीडी एवं आईपीडी आधार पर उपलब्ध करवाई गई। वर्ष 2020 में व्यावसायिक चिकित्सा विभाग ने **10502** रोगियों (4434 ओपीडी एवं 6068 आईपीडी) को देखा।

नियमित पुनर्वास कार्यक्रम के अतिरिक्त इस विभाग ने पांच निम्न ताप थर्मोप्लास्टिक स्प्लिंट का निर्माण किया एवं छह अस्थायी घुटनों के उपर व नीचे के प्रोस्थेसिस, 354 टेलर ब्रासेस, 30 लुम्बोसेक्रल ब्रासेस, 10 सर्वाइकल कालर (बाहर से मंगवाए गए) रोगियों हेतु निर्माण किए।

इस विभाग का विस्तार, `पुनर्वास एवं शोध केन्द्र' (आरआरसी) डॉ. अर्नेस्ट बोर्जेस मेमोरियल होम (डॉ. इबीएमएच) बान्द्रा ने 1075 जॉ स्ट्रेचर की, 226 अपर लिम्ब लिम्फेडेमा किट, 44 लोअर लिम्ब लिम्फेडेमा किट का निर्माण करके डिस्पेंसरी को दिए। दो सौ चव्वालीस (244) ओर्थोसेस एवं दो प्रोस्थेसेस की खरीद की गई। वर्ष 2020 में व्यावसायिक चिकित्सा सेवाओं हेतु आरआरसी, ईबीएमएच, बान्द्रा में कुल 96 नए रोगी एवं 381 फोलो-अप के दर्ज किए गए।

शिक्षा :

विभाग ने नवंबर 2020 से होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान के अन्तर्गत मास्टर्स कार्यक्रम की शुरुआत की एवं एक वर्षीय ओंको व्यावसायिक चिकित्सा पाठ्यक्रम जारी रखा। एलटीएमसी सायन अस्पताल महाराष्ट्र विश्वविद्यालय स्वास्थ विज्ञान से नियमित रूप से व्यावसायिक चिकित्सा प्रशिक्षणार्थीयों को ओंको पुनर्वास में प्रशिक्षण उनकी रोटेशन आधार पर विभाग में नियुक्ति करके दिया गया। पूरे वर्ष विभाग में भारत भर से पर्यवेक्षकों का आगमन होता रहा जिन्हें व्यावसायिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

25 सितम्बर को रेडियो चैनल `92.7 बिग एफएफ' द्वारा ओंकोलोजी में व्यावसायिक चिकित्सा विषय पर डॉ. मंजुषा वागल का साक्षात्कार लिया गया। `92.7 बिग एफएफ' एवं भारतीय कैंसर सोसायटी ने संयुक्त रूप से `कैंसर के

खिलाफ हम साथ' अभियान की शुरूआत घातक रोग के प्रति जागरूकता पैदा करने तथा इस हेतु वित्त जुटाने हेतु की, जो महामारी के दौरान कैंसर से ग्रासित रोगियों हेतु काम में लिया जाएगा।

शोध :

अन्वेषणकर्ता आरम्भ अध्ययन परियोजना क्रमांक 3463"असेसमेंट ऑफ फंक्शनल एन्ड साइकोसोशल आउटकम विद फंक्शनल अबाऊ दी टेम्परारी प्रोस्थेसिस" पर अध्ययन प्रतिवेदन आईईसी को मार्च 2020 में प्रस्तुत किया।

पेलिएटिव मेडिसिन

कार्यकारी प्रभारी : डॉ. जयिता देवधर

पेलिएटिव औषधि सेवाओं को कोविड-19 महामारी के समय पुनर्नियोजित किया गया। चूँकि व्यक्तिगत निवास दौरों को बन्द करना था, अतः रोगियों का फोलो-अप टेली संचार के जरिये किया गया।

विभाग ने कोविड-19 के भर्ती रोगियों हेतु टेली परामर्श सेवा को उपलब्ध करवाया जो कि ठाणे सिविल अस्पताल एवं वीवाईएस नायर अस्पताल मुंबई में भर्ती कोविड 15 के बाल्य रोगियों के अभिभावकों हेतु था ।

विभाग ने निम्नलिखित सेवाएं प्रदान की :

- वयस्क पेलिएटिव केयर चिकित्सालय
- बाल्य पेलिएटिव केयर चिकित्सालय
- वार्ड परामर्श कायजन
- आपातकालीन विभागीय परामर्श
- रेस्पाइट पेलिएटिव केयर सेवाएं
- हीस्पाइस लायजन सेवाएं
- स्नातकोत्तर (पीजी) प्रशिक्षण कार्यक्रम : (एमडी पेलिएटिव औषधि) प्रतिवर्ष 3-4 प्रशिक्षुओं की भर्ती
- स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम
- बाह्य चिकित्सा, सुश्रुषा, स्वास्थसंबंधी स्टाफ एवं स्वयंसेवकों हेतु शैक्षणिक कार्यक्रम
- संस्थानिक विवेचना परिषद ने अन्वेषणकर्ता आरम्भ एवं शोधपत्र संबंधित शोध एवं अंकेक्षणों को अनुमोदित किया ।
- राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर समर्थन कार्यक्रम एवं नीति कार्यक्रमों की शुरूआत

सेवाएं :

वर्ष 2020 में रोगी आकलन संख्या :

कुल नए पंजीकरण : **5199**

कुल फोलो अप : **11,204**

आपातकालीन विभाग में पेलिएटिव केयर परामर्श की संख्या (ईडी) **1274**

कुल रोगी आकलन किए गए (चिकित्सालय, वार्ड एवं ईडी) : 17,101

पेलिएटिव गृह केयर दौरे : **543**

फोन कॉल पर सहयोग प्रदान किया : **2471**

सहयोगी समूह बैठकें **02**

शिक्षा एवं वित्त सहायता **340** रोगी

गुणवत्ता कार्यक्रम :

- विभाग ने अक्तूबर 2020 से समेकित पेलिएटिव औषधि एवं पीड़ा जोड़ चिकित्सालय आरम्भ किए।
- पेलिएटिव केयर नीति को लागू करने हेतु मुंबई पेलिएटिव केयर तंत्र की सहायता से महाराष्ट्र सरकार के साथ कार्य किय।

शिक्षा :

विभागीय स्टाफ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन प्रस्तुतीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम : **13**

वर्ष 2020 के अन्त में चिकित्सा स्टाफ द्वारा जारी विभागीय अध्ययन कार्य : **12**

विभागीय चिकित्सा स्टाफ द्वारा पीर रिव्यूड राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाशन : **07**

पुस्तक अध्याय : **05**

ऑनलाइन मॉड्युल्स : **02**

शोध :

कैंसर उत्तरजीवियों में जीवन गुणवत्ता सुधार से संबंधित विभिन्न विषयों पर विभागीय स्टाफ ने व्यक्तिगत रूप से या विभिन्न डीएमजी के सहयोग से विभिन्न चिकित्सा प्रयास प्रमुख अन्वेषणकर्ता (पीआई) एवं सह पीआई के रूप में आरम्भ किए।

पेथोलोजी

प्रमुख : डॉ. संगीता बी. देसाई

भारत में कोविड-19 महामारी के दौरान प्राथमिक शल्य पैथोलोजी जांच कार्यों की सुदूर रिपोर्टिंग हेतु डिजिटल पेथोलोजी सेवाओं की शुरूआत की गई।

सेवाएं :

पूरे वर्ष के दौरान- विशेषकर वर्ष के प्रथम भाग में कोविड-19 के वैश्विक महामारी के दौरान रोगियों का आगमन अस्पताल में कम रहा। पैथोलोजी विभाग ने विभिन्न प्रकार की जांच सेवाओं का कार्य जारी रखा जिसमें शल्य पैथोलोजी, फाइन निडल एस्पिरेशन साइटोलोजी, आणविक जांच, बायोकेमेस्ट्री एवं हीमेटोपेथोलोजी इत्यादि सभी घरेलू रोगियों हेतु उपलब्ध थे तथा इस विशेषज्ञता का प्रसार पूरे भारतीय उपमहाद्वीप के संदर्भित कैंसर रोगियों हेतु किया गया। यहां पर राष्ट्रीय ट्यूमर टिशू संग्रहण का रखरखाव किया गया जिससे ट्रांसलेशनल शोध में सहायता मिली। विभाग ने वर्ष 2020 में **37,841** हिस्टोपैथोलोजी मामलों में जांच सेवाएं उपलब्ध करवाई जिसने स्माल बॉडीज के बृहद नमूने एवं संदर्भित सामग्री शामिल थे। महामारी के कारण रोगी मामलों की संख्या से 42.08 की कमी आयी। फ्रोजन सेक्शन के रिपोर्टेड मामले **4483** रहे तथा मुल **6794** फ्रोजन सेक्शन प्रक्रियाएं की गई। ईम्यूनोहिस्टोकेमेस्ट्री (आईएचसी) स्लाइड्स की संख्या **70,178** रही जो कि वर्ष 2019 की तुलना में 55.67 कम थी ।

कोविड-19 महामारी के कारण न केवल लॉकडाउन बल्कि क्वारंटाइन कारणों से भी कार्यकाल में कमी की गई। इसके परिणामस्वरूप विभाग ने समग्र स्लाइड छायांकन (डब्ल्यूएसआई) द्वारा घर से ही सुदूर रिपोर्टिंग हेतु डिजिटल पेथोलोजी (डीपी) का प्रमाणीकरण किया। दूरदृष्टि एवं त्वरीत कार्यवाही के चलते विभाग ने न केवल इस स्थिति पर एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रकाशन किया बल्कि सुदूर रिपोर्टिंग हेतु डब्ल्यूएसआई का आरम्भ भी किया। दिसंबर 2020 तक पेथोलोजी विभाग ने उब्ल्यूएसआई के उपयोग से प्राथमिक जांच के 2200 से अधिक मामलों की रिपोर्टिंग की ।

गुणवत्ता कार्यक्रम :

1. भारत में 155 प्रतिभागी केन्द्रों के साथ राष्ट्रीय कैंसर ग्रिड (एनएसजी) ने हिस्टोपेथोलोजी में बाह्य गुणवत्ता आश्वासन (ईक्यूएएस) कार्यक्रम को 2020 में भी जारी रखा। निम्नलिखित कार्य सम्पूर्ण किए गए :

   - टिशू प्रक्रिया मॉड्यूल का एक चक्र ।
   - जांच हिस्टोपेथोलोजी के दो चक्र जिनमें एक डिजिटल था ।
   - मिनिमल डेटा सेट रिपोर्टिंग (एमडीएसआर मॉडयूल) के दो चक्र (दोनों डिजिटल)
   - आईएचसी मॉड्यूल में स्तन लिम्फोमा व सरकोमा पैनल दोनों के चक्र शामिल थे।

2. इम्यूनोहिस्टोकेमेस्ट्री (आईएचसी) वर्ष 2020 में कालेज ऑफ अमेरिकन पेथोलोजी (सीएपी) आईएचसी पर दक्षता कार्यक्रम में सफलतापूर्वक भाग लिया। पीओआई जांच एवं एएलके प्रवर्धन लंग कैंसर एवं माइक्रेसिटेलाइट इनस्टेबिलिटी जांच हेतु गेस्ट्रोइनटेस्टीनल कैंसर हेतु शुरू किए गए।

3. आईएचसी विभाग ने नान स्माल सेल लंग कार्सिनोमा (एनएससीएलसी) के लिए युनाइटेड किंगडम नेशनल एक्स्टर्नल क्वालिटी असेसमेंट योजना (यूकेएनईक्यूएएस), इम्यूनोसाइटोकेमेस्ट्री (आईसीसी) एवं इन सिटु हाइब्रेडाइजेशन (आईएसएच) पीडी-इम्युनोहिस्टोकेमेस्ट्री (आईएचसी) दक्षता कार्यक्रमों में सफलतापूर्वक भाग लिया।

शिक्षा :

नियमित शैक्षणिक सत्रों के अलावा जनवरी 2020 में डा. रुचा गुप्ता, प्राचार्य, पैथोलोजी, सिडनी विश्वविद्यालय द्वारा एक आमंत्रित व्याख्यान `सेलीवरी ग्लाण्ड और सि व गरदन लचीले ऊतक ट्यूमर' विषय पर था। 30 वर्चुअल व्याख्यान एबीएनआई स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु महामारी के दौरान संकाय सदस्यों द्वारा आयोजित किए गए जिनमें एक वरिष्ठ शल्य पेथोलोजिस्ट भी शामिल थे। यह कार्यक्रम वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से दिसंबर 2020 में हुआ।

विभिन्न अंतरालों के लिए कुल उनचास (49) चिकित्सा एवं तकनीकी व्यक्तियों ने विभाग का दौरा पर्यवेक्षक के रूप में किया। लगभग 10,000 अध्ययन स्लाइड्स सभी विद्यार्थियों, पेथोलोजिस्ट एवं पर्यवेक्षकों हेतु उपलब्ध थी।

अध्ययन एवं परीक्षा के उद्देश्य से 810 माउन्टेड एवं 687 अनमाउन्टेड नमूने विभिन्न एनाटोमिकल साइड के तैयार रखे गए। भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा प्रमाणीकृत होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान के अन्तर्गत प्रति वर्ष 12 एमडी पैथोलोजी विद्यार्थी एवं तीन डीएम ओंकोपेथोलोजी अतिविशिष्ट पाठ्यक्रम हेतु चयनित किए गए।

शोध :

वर्ष के दौरान विभाग ने 61 मूल लेख/मामलों के प्रतिवेदन पीर रिव्यूड सूचीबद्ध चिकित्सा जर्नलों में प्रकाशित किए और उनके लिए योगदान दिया। कुछ जारी परियोजनाओं में ईआर स्तन कैंसर में छाया आधारित जोखिम स्कोर का प्रमाणीकरण, गहन अध्ययन के माध्यम से सिर, गरदन एवं स्तन कैंसर के उपचार प्रतिक्रिया का आकलन तथा एन्डोसर्वाइकल एडेनोकार्सिनोमा मामलों का हिस्टोपैथोलोजी रिव्यू एवं उनके एचपीवी एव नॉन एचपीवी संबंधित लक्षणों का आकलन, पी 16 ईम्यूनोहिस्टोकेमेस्ट्री के साथ संबंध एवं आरएनए आधारित इन सीटू हाइब्रेडाइजेशन तथा अन्तर्राष्ट्रीय एन्डोसर्वाइकल एडेनोकार्सिनोमा मानदण्ड के अनुसार वर्गीकरण एवं लक्षणीकरण (आईईसीसी)।

बायोकेमिस्ट्री

प्रमुख : डॉ. तनुजा शेठ

चिकित्सा जैव रसायन विभाग ने बृहद सेवाओं को प्रदान किया जो कि नियमित स्पेक्ट्रोफोटोमेट्रिक चिकित्सकिय रसायन आकलन जैसे ग्लूकोज, इलेक्ट्रोलाइट, लवण, अंगक्रिया जांच (एलएफटी आरएफटी इत्यादी) से लेकर विभिन्न विशेषज्ञ जांच जैसे कि हारमोन आकलन, विटामिन जांच, टयूमर सूचक, लेवल सीरम प्रोटीन, इलेक्ट्रोफोरेसिस इत्यादि थे। ये सभी रोगी जांच कार्य रोग प्रबन्धन हेतु इस प्रयोगशाला की रीढ़ थे। प्रयोगशाला ने अपनी सेवाएं 24ˣ 7 आधार पर पूरे वर्ष प्रदान की तथा कोविड-19 महामारी के काल में भी सुचारू रूप से जारी रखी तथा सुनिश्चित किया कि आवयश्यक सेवाएं बाधित न हों। यह सब विभाग के सभी सदस्यों में सामूहिक संघ भावना से कार्य कार्य के कारण एवं प्रशासन के पूर्ण सहयोग के कारण संभव हो पाया।

सेवाएं :

प्रयोगशाला के मुख्य कार्यों में बृहद जांच कार्य शामिल थे जिनमें 200 प्रकार के विभिन्न जांच कार्य उपलब्ध थे और अधिकांश नमूनों पर उपलब्ध थे (जैसे कि सीरम प्लाज्मा, यूरीन सीएमएफ एवं देह द्रव्य)। रोगियों को उपलब्ध कराई जानेवाली सेवाओं में जैव-केमिकल जांच, ट्यूमर सूचक, प्रोटीन इलेक्ट्रोफोरेसिस, विटामिन, हारमोन्स एवं औषधि शामिल थे। प्रयोगशाला में पूर्व स्थापित जांच कार्यों को बृहद बनाने हेतु 146 विभिन्न जांच कार्य जोड़े जिसमें 11 नए आकलन कार्टिसोल, पीटीएच, केल्सिटोनिन, एचएच, प्रोलेक्टिन, एन्टी सार्स कोव2 एन्टीबॉडी, एन्टीसार्स आईपीपी, आईएल-6, इन्सुलीन, बीएनपी एवं एन्टी प्रो-बीएनपी इत्यादि शामिल थे। **वर्ष 2020 में इस प्रयोगशाला ने रोगियों के 2 लाख से अधिक नमूनों का विश्लेषण किया एवं 23,00,000 से अधिक जांच कार्य आयोजित किए।** यह कोविड महामारी के कारण पिछले वर्ष की तुलना में 40%कम था।

प्रयोगशाला के पास तीन उच्च क्षमता वाले आधुनिक रेन्दम एक्सेस ब्रेकीथेरेपी विश्लेषक (ब्रेकमेन एयू 680, एयू 5811-1 एवं एयू 5811-2) के थे। जैव-रसायन नमूनों के विश्लेषण का अधिकांश कार्य इन मशीनों पर किया गया। इम्यूनों ऐसे का अधिकांश कार्य (टयूमर सूचक, हारमोंस, विटामिन्स) एबोट मशीन पर किया गया (आर्किटेक्ट एवं एलमिटी)।

कुछ हाल ही में समावेशित हारमोन ऐसे एवं एन्टी सार्स कोव-2 एन्टीबाडी का मापन रोश कोबाल्ट 6000 प्लेटफार्म पर किया गया। अन्य विशेषज्ञ जांच जैसे इम्यूनोग्लोविन का मात्राकरण कार्य रेट नेफेलोमेट्रिक एवं इम्यूनोटरबीडिटीमेट्रिक तकनीक द्वारा बेकमेन इमेज सिस्टम पर किया गया तथा बाइंडिग साइट ओपटाइटल मशीन पर किया गया (मुक्त प्रवास चेन)। सीसा प्रोटीन इलेक्ट्रोफोरेसिस) पर एवं इम्यूनोफिक्सेशन इलेक्ट्रोफोरेसिस कार्य से किया हाइड्रासिस 2 सिस्टम पर किया गया।



उक्त मशीन द्वारा नए जांच कार्य किए जा सके एवं जांच कार्यों की समयावधि पर नियंत्रण रखा जा सका। 95% नमूनों में टीएटी को सुनिश्चित किया जा सका एवं सबसे तेज जांच कार्य के लिए केवल 30 मिनिट का समय लगा।

नए प्रयोग :

सीओबीएएस 6000 ओपटाइटल मशीन

प्रयोगशाला में किए गए दो कोविड जांच कार्यों की तुलना



विभाग ने सफलतापूर्वक नए जांच प्लेटफार्म की शुरूआत की जैसे रोश कोबाल्ट 6000 संमंकित विश्लेषक और विद्यमान इम्यूनोऐसे प्लेटफार्म को उन्नत किया (आर्किटेक्ट) जिसके लिए अन्य समेकित आणविक जांच सिझन एलीमिटी में परिवर्तित किया गया। विभाग ने कोविड जांच को कोश एवं एबोट प्लेटफार्म पर करने की चुनौती को स्वीकार किया और उसके परिणाम उपरोक्त चित्र में दर्शाए गए हैं। जांच एवं शोध उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विभाग ने द्रव प्रबन्धन सामर्थ्य के साथ पूर्ण स्वचालित एलीसा विश्लेषक की खरीद की। एचपीएलसी (010), स्वर्ण मानक सुविधा की शुरूआत एचबीएसी जांच हेतु सेवा एवं शोध उद्देश्यों हेतु की गई।

चिकित्सकीय रसायन कंसोर्टियम :

पूरे भारत में टाटा मेमोरियल केन्द्रों (टीएमसी) में ज्ञात हेट्राजीनियस मशीन/ जांच प्लेटफार्म की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विभाग ने अनुभव साझा करने एवं समस्या के समधान हेतु एक चिकित्सकीय रसायन कंसोर्टियम की स्थापना की। बैठकों में रुचिकर मामलों पर चर्चा की गई एवं डॉ. किंजल्का घोष ने सीरम इलेक्ट्रोफेरोसिस पर मायलोम में डेराहुजुनेब इंटरफेरेंस पर एक मामले में प्रस्तुतिकरण दिया। विभाग ने अन्य टीएमसी अस्पतालों के उच्च असामान्यमानों पर पुनः जांच कार्य शुरू किया ताकि चिकित्सकों को परेशानी का सामना न करना पड़े; उदाहरण के लिए- टीएमसी नमूनों को एक्ट्रेक भेजा गया और वहां से नमूने लाये भी गए।

शिक्षा :

इस वर्ष प्रगत जैव-रसायन पाठयक्रम एक बार आयोजित किया गया। यह छह माह का पाठ्यक्रम था जिसमें अगले छह माह प्रशिक्षण कार्य था। स्नातकोत्तर (एमडी पेथोलोजी) विद्यार्थियों को जीव रसायन में प्रशिक्षण दिया गया और उनका संबंधित आकलन विभाग में किया गया।

सम्मेलनों के स्थगित होने के कारण स्टाफ ने वेबीनार आयोजित करने की शुरूआत की एवं कुल 12 आनलाईन शैक्षणिक सत्र आयोजित किए गए।

शोध :

अधिकांश लघु-शोध परियोजनाओं पर विभागीय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने कार्य किया। पूर्व प्रभावी डाटा विश्लेषण का कार्य जारी रहा जो कि विभिन्न जीव रसायन पैरामीटर हेतु था। इसके अतिरिक्त दो नई शोध परियोजनाएं शुरू की गई ।

- पुलिस कर्मियों का एचबीए/ सी जांच कार्य : यह अध्ययन बचाव ओंकोलोजी द्वारा 75000 प्रतिभागियों पर किया जाना था लेकिन कोविड महामारी के कारण लंबित हो गया। अब तक 13000 व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है।
- टीएमएच के स्वास्थ सेवियों पर कोविड 10 के सीरो-प्रीवेलेंस का मापन

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित 3 परियोजनाओं का संस्थानिक रिव्यू बोर्ड द्वारा रिव्यू किया जा रहा है।

- एनसीजी ईक्यूएएस सीरम ट्यूमर सूचक एवं सीरम इलेक्ट्रोफोरेसिस
- प्रोस्टेट स्वास्थ्य सूचकांक पीएसए के परे
- गैस्ट्रिक कैंसर रोगियों में फोलोअप में सीए 72.4%

साइटोपेथोलोजी

प्रभारी अधिकारी : डॉ. केदार देवधर

विभाग ने नियमित सेवाओं के रूप में एक्सफोक्रिएटिव एवं फाइन नीडल एस्पिरेशन साइटोलोजी (एफएनएसी) हेतु न्यूनतम समयावधि (टीएटी) 24-72 घंटो के साथ कैंसर की जांच व पहचान हेजु एक त्रिस्तरीय कार्यक्रम तैयार किया। सधन चिकित्सा इकाई (आईसीए) एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से नमूनों का विश्लेषण करके चार घंटो में रिपोर्ट उपलब्ध करवाई गई। विभाग ने विशेष सेवाएं प्रदान की जैसे सेल ब्लॉक, एन्डोब्रोंकियन अल्ट्रासोनोग्राफी (ईबीयूएस), एफएनए, एन्डोस्कोपिक यूएस (ईयूएस) एफएनए एवं त्वरित आनसाइट पर्याप्तता जांच (आरओएसई) जो कि एफएनएसी नमूनों व द्रव आधारित साइटोलोजी (एलबीसी) के लिए पर्याप्तता सुधार हेतु थे।साइनोटिक फोसेट को लागू किया गया ताकि एक रूप एवं मानक रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जा सके। विभाग के सदस्यों ने विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, सम्मेलनों, कार्यशालाओं में भाग लिया तथा कई तकनीकी एवं जांच दक्षता कार्यक्रमों में हिस्सा लिया जो कि या तो घरेलू रूप से या साइटोलोजी पर भारतीय संगठन (आईएसी) ने आयोजित की थी।

विभाग जांच सेवाओं हेतु आईएसी द्वारा प्रमाणीकृत था एवं प्रयोगशाला जांच एवं केलिब्रेशन पर राष्ट्रीय प्रमाणन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा भी प्रमाणीकृत था और प्रशिक्षण एवं परीक्षा हेतु आईएसी द्वारा प्रमाणीकृत रहा। यह प्रयोगशाला भज्ञरत में विभिन्न प्रयोगशालाओं हेतु राष्ट्रीय स्तर पर बाह्य गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र (ईक्यूएएस) साइटोलोजी हेतु सेवा-प्रदाता थी। प्रयोगशाला साइटोलोजी के तकनीकी, जांच कार्यों एवं गुणवत्ता नियंत्रण पहलुओं पर शोध कार्य किए तथा स्नातकोत्तर पेथोलोजिस्ट एवं साइटो-तकनीशियनों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

सेवाएं :

विभाग के कार्यभार में **12424** नमूने (54510 स्मीयर) थे जो कि वर्ष 2019 में 23672 नमूने (105130 स्मीयर) की तुलना में थे। इन नमूनों में 1662 एक्सफोलिएटिव गायनोकोलोजिकल, 5290 एक्सफोलिएटिव नॉन-गायनोकोलोजिकल, 3934 एफएनएसी, 80 एलबीसी व 143 सेल ब्लाक शामिल थे जो कि कुल कार्यभार में 48% कमी के बराबर थे। इक्यूएएस जांच साइटोपैथोलोजी सेवाओं ने पिछले साल की तुलना में द्विचक्र दक्षता जांच श्रेणी में प्रतिभागियों में 10% कमी दिखाई (431-338)।

शिक्षा :

विभाग ने 7 एमडी पैथोलोजी स्नातकोत्तर, 8 पोस्ट एमडी पेथोलोजी पर्यवेक्षक, तीन डीएम पैथोलोजी विद्यार्थी व 3 एमडीएस विद्यार्थियों को साइटोपेथोलोजी में प्रशिक्षण प्रदान किया। दो विद्यार्थी विभाग द्वारा आयोजित प्रगत साइटोपेथोलोजी टेक्नीशियन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग ले रहे थे। प्रतिमाह एक रूचिकर साइटोपेथोलोजी मामले को

टीएमसी की वेबसाइट पर क्विज के रूप में अपलोड किया जाता था। स्टाफ सदस्य नियमित रूप से घरेलू एवं टीएमएच के बाहर विभागीय पाठ्यक्रमों व डीएमजी बैठकों, सीएमई, सम्मेलनों एवं कार्यशालाओं में भाग लेते रहे।

ऑडिट :

कार्य निष्पादन के आकलन हेतु सभी प्रतिवेदित साइटोलोजी नमूनों का चिकित्सकीय अंकेक्षण एवं फोलो अप किया गया। जांच कार्यों में कमी या अपर्याप्तता के कारण ढूंढे गए, उनकी निगरानी की गई एवं उपर्युक्त सुधारात्मक एवं रोकथाम के उपाय किए गए।

हेमेटोपेथोलोजी प्रयोगशाला

प्रभारी अधिकारी : डॉ. पी जी सुब्रमण्यन

हीमेटोपेथोलोजी प्रयोगशाला सेवाओं की आवश्यकता हीमेटोलोजिकल रुग्णताओं की प्राथमिक जांच, सभी रुग्णताओं में उपचार के दौरान निगरानी हेतु एवं शल्य रोगियों हेतु आपरेशन के पूर्व एवं पश्चात हीमेटोलोजिकल वर्क अप के लिए हुई। प्रयोगशाला से नियमित जांच कार्यों में सकल रक्त माउन्ट (सीबीसी) रेटीम्यूलोसाइट काउन्ट, कोगुलेशन प्रोफाइल (पीटी, एपीटीआई, डी-टाइमर फाइब्रिनोजेन) पेरीफेरल रक्त स्मीयर जांच साइटोकेमिल स्केनिंग जैसे माइलोपेरोक्साइड (एमपीओ) नान स्पेसिफिक ऐस्टेरेस, ल्यूकोसाइट अल्केलाइन फोस्फेट (एलएपी) टॉर्टरेट प्रतिरोधी एसिड फास्फेट (टीआरएपी) एवं देह द्रव्य जांच शामिल थे ।

सेवाएं :प्रयोगशाला के पास अत्याधुनिक हीमेटोपेथोलोजी विश्लेषक एवं कोगुलेशन विश्लेषक उपलब्ध थे जिन्हें रोगियों की आवश्यकतानुसार अस्पताल सूचना तंत्र के साथ संयुक्त किया गया । नियमित हीमेटज्ञेलोजी प्रयोगशाला ने 24 घंटो कार्य किया एवं **प्रतिदिन 1500से अधिक जांच कार्य किए** और उनके परिणाम तीन घंटों में रोगियों को उपलब्ध करवाएं जो कि अधिकांश नियमित जांच कार्यों के लिए था।

प्रयोगशाला ने चिकित्सकों के अनुरोध पर तात्कालिक रूप से डीबी तीक्ष्ण लिम्फोसाइटिक ल्यूकेमिया रोगियों के मैनुअल डिफरेंशियल काउन्ट एवं स्वतः कीटाणु पेरीटोनिटिस हेतु गेस्ट्रोइंटेस्टीनल कैंसर रोगियों के एस्सिटिक द्रव्य जांच का कार्य भी किया। प्रयोगशाला ने रेटिक्युलोसाइट हीमोग्लोबीन मात्रा के द्वारा कार्यकारी आयरन के जांच कार्य किए।

परिवहन केन्द्र :

फलोसाइटोमेट्री, आणविक एवं साइटोजेनेटिक प्रयोगशालाओं के एक्ट्रेक में स्थानांतरित होने के बाद इस प्रयोगशाला की जिम्मेदारी थी कि अस्थि मज्जा पेरीफेरल रक्त नमूनों को टीएमएच से एक्ट्रेक तक पहुंचाए। प्रयोगशाला बायोप्सी पैराफिन ब्लॉक्स एवं स्लाइड का हिस्टोपैथोलोजी के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान तक परिवहन हेतु भी उत्तरदायी थी। प्रयोगशाला ने प्रतिदिन चार बार सोमवार से शुक्रवार (शनिवार को दो बार) नमूनों की समग्रता बनाए रखते हुए उन्हें बेहतर तरीकों से एक्ट्रेक की संबंधित प्रयोगशालाओं में पहुंचाया ।

वर्ष 2020 में प्रयोगशाला द्वारा संपादित जांच कार्य

जांच का नाम	संख्या
नियमित हीमेटोलोजी	
सम्पूर्ण हीमोग्राम	**2,43,737**
मेनुअल डिफरेंशल काउन्ट/ मटेरियल पेरासाइट/ रेटीक्युलोसाइट काउन्ट/ आरबीसी मोरफोलोजी	**15,392**
ईएसआर	**1554**
कोगुलेशन अध्ययन	
प्रोथोम्बिन टाइम	**45,341**
एक्टिवेटेड पार्शियल थ्रोम्बोप्लास्टिक टाइम	**44,982**
फाइब्रिनोजोन	**1956**
फाइब्रिनोजीन डीग्रेडेशन प्राडक्ट (डी-टाइमर)	**2965**
साइटोकेमेस्ट्री	**1530**

नियमित हेमेटोपेथोलोजिकल जांच



शिक्षा :

प्रयोगशाला द्वारा संचालित शैक्षणिक कार्यक्रम निम्न प्रकार से थे :

- सकल रक्त काउन्टं–चिकित्सा लेख तकनीशियन हेतु सीएमई - प्रति वर्ष एक पाठ्यक्रम
- सकल रक्त काउन्टं–पेथोलोजिस्ट हेतु चिकित्सा पाठ्यक्रम बेंच–प्रति वर्ष एक पाठ्यक्रम
- सकल रक्त काउन्टं–तकनीकविदों हेतु चिकित्सा पाठ्यक्रम बेंच–वर्ष में एक बार पाठ्यक्रम
- 6 माह का प्रकत प्रशिक्षण कार्यक्रम तकनीकविदों हेतु 6 प्रशिक्षु

इसके अतिरिक्त प्रयोगशाल ने भारत के अन्य भागों में प्रशिक्षण प्रदान किया एवं अपने ज्ञान व अनुभव को साझा किया। 50 एमडी पेथोलोजिस्ट देश के विभिन्न भागों से पर्यवेक्षक के रूप में सीबीसी कोगुलेशन, मोरफोलोजी, साइटोकेमेस्ट्री, देह द्रव्य एवं गुणवत्ता नियंत्रण पर प्रशिक्षण हेतु प्रयोगशाला में आए।

प्रयोशाला ने ऑनलाइन एसओपी अध्ययन एवं शैक्षणिक सत्रों का आयोजन स्टाफ हेतु कोविड-19 महामारी के दौरान किया। कोविड-19 महामारी के कारण प्रयोगशाला सीएमई एवं कार्यशालाएं आयोजित कर पाने से समर्थ नहीं थी, लेकिन निकट भविष्य में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है।

शोध :

निम्नलिखित शोध कार्य प्रयोशाला में वर्ष 2020 में किए गए एवं विभिन्न सम्मेलनों में प्रस्तुत किए गए ।

- बायोसूचकों का सेप्सिस में दक्षता
- सिस्टम फ्लैग का स्वचालित सेल काउन्टर का प्लेटलेट पर एवं पेरिफेरल रक्त स्मीयर पर जांच का प्रमाणीकरण
- बेकमेन काउन्टर डीएमएच 800 पर आयतन, चालकता एवं टक्कर पेरामीटर का उपयोग करके सेप्सिस की पहचान
- सेल्युलर हीमोगलोबीन वितरण चौड़ाई (सीएचओडब्ल्यू) पैरामीटर हेतु जनसंख्या आधारित जीव संदर्भित अन्तराल
- सक्रिय ल्येकेमिया स्वचालित एवं मेनुअल विधि में असामान्य सेल जनसंख्या एवं मायलोपेरोक्साइड (एमपीओ) के बीच परस्पर संबंध
- बेहतर कार्यनिष्पादन एवं प्रबन्धन हेतु गुणवत्ता नियंत्रण की विवेचना
- स्वचालित विधि एवं सूक्ष्मदर्शी द्वारा शिरटोसाइट काउन्ट का तुलनात्मक आकलन ।

मॉलिक्यूलर पेथोलोजी

प्रभारी अधिकारी : डॉ. श्रीधर ईपारी

आणविक पेथोलोजी विभाग ने ठोस ट्यूमर के गुणवत्ता आणविक जांच कार्य निष्पादन एवं उपलब्ध करवाएं जिनके परिणामों का उपयोग जांच, उपचार एवं प्रोग्नोस्टिफिकेशन ट्यूमर का इत्यादि किए जाते है जिसके द्वारा उपचार परिणामों को बेहतर बनाने हेतु व्यक्तिगत उपचार को दिशा प्रदान करते है। प्रयोगशाला ने वर्तमान में जारी प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने हेतु सतत प्रयास किए जाकि जांच कार्यों की गुणवत्ता सुधार करके जांच कार्यों के दायरे को विस्तृत किया जा सके। महामारी की शुरूआत होने पर प्रयोगशाला ने राउन्ड द क्लॉक कोविड-19 रियल टाइम ट्रांसस्क्रिप्शन पॉलीमेराइज चेन रिएक्शन (आरटीपीसीआर) जांच कार्य करने हेतु अपने आप को तैयार किया। अन्य बेहतरीकरण कार्यों ने दो नए जांच कोड की शुरुआत (पीआईके 3सी अम्यूटेशन जांच, रियल टाईम पीसीआर द्वारा एवं फ्लोरेसेन्ट इन सीटू हाइब्रेडाइजेशन (एफआईएसएच) द्वारा एमडीएम-2 जोन प्रवर्धन) अगली पीढ़ी क्रमांकन का विस्तार (एनजीएस) ठोस ट्यूमर मल्टीजेन पेनल, फ्यूजन पेनल के साथ ताकि 137 से अधिक फ्यूजन को जोड़ा जा सके, कापी नंबर वेरिएशन (सीएनवी) एवं जीन का जुड़ाव (एमएसआई स्तर), नमूना समुदायों का द्रव्य नमूनों तक विस्तार (द्रव्य बायोप्सी) तथा एफआईएसएच द्वारा सी19 एनसी एवं 1क्यू वृद्धि का प्रमाणीकरण एवं मानकीकरण का कार्य कर रही है।

सेवाएं :

आणविक पेथोलोजी प्रयोगशाला ने संबंधित, आणविक जांच कार्य राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय दिशा निर्देशों के आधार पर प्रस्तुत किए जिसके लिए पीसीआर, फलोरेसेन्ट इन सीटू हाइब्रेडाइजेशन, सेंगर क्रमांकन, मल्टीप्लेक्स लीगेशन डिपेन्डेन्ट प्रोब प्रवर्धन (एमएलपीए) जीन अभिव्य क्ति विश्लेंषण, वास्तकविक समय पीसीआर एवं अगली पीढी क्रमांकन आधारित जांच कार्य प्रस्तुभत किए। लाकडाउन के बावजूद प्रयोगशाला में वर्ष 2020 में **5804** आवेदन प्राप्तस हुए जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 5% अधिक थे। एनपीएस आवेदन वर्ष 2019 की तुलना में दोगुने हो गए।

सभी आणविक जांच कार्य, जांच एवं केलिब्रेशन पर राष्ट्रीलय प्रमाणन बोर्ड (एनएबीएल) के दिशा निर्देशों के अनुसार किए गए। बाह्य गुणवत्तान आश्वासन कार्यक्रम हेतु अमेरिकन पेथोलोजिस्टश कॉलेज (सीएपी) द्वारा आयोजित दक्षता जांच कार्य हेतु भाग लिया। नियमित जांच कार्यों के लिए ट्रेंड विश्लोषण किया गया।

महामारी के दौरान प्रयोगशाला ने त्व रित रूप से कोविड-19 आरटीपीसीआर जांच कार्य किए और परिणाम उपलब्ध कराए, यह कार्य अभी भी जारी है। दिसंबर 2020 तक प्रयोगशाला ने 20,000 से अधिक आरटीपीसीआर कोविड-19 जांच कार्य संपादित किए ।



तकनीक आधारित जांच आवेदन (2016-2020)



	पीसीआर	एफआईएसएच	एसईक्यू/एमएलपीए/ जीईपी	एनजीएस
2016	718	2709	483	0
2017	685	3331	656	0
2018	661	2994	1050	0
2019	1198	2496	1508	305
2020	2299	1819	1052	634



***जीईपी – जीन एक्सणप्रेशन प्रोफाईल**

जांच	कोविड-19	एनजीएस	एमईक्यूध/एमएल पीए/जीईपी	पीसीआर	एफआईएसएच
मामलों की संख्या	20,197	634	1052	2299	1819

शिक्षा :

पेथोलोजी रेजीडेन्ट को आणविक पेथोलोजी में प्रशिक्षण हेतु मासिक आधार पर परिवर्तित किया गया। प्रयोगशाला ने पोस्ट एमडी पेथोलोजी हेतु 1 वर्षीय फैलोशिप कार्यक्रम उपलब्ध करवाया जहां उन्हें आणविक पेथोलोजी की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्रयोगशाला ने मास्टर आफ साइंस एवं एमडी विद्यार्थियों हेतु भी इंटर्नशिप कार्यक्रम उपलब्ध करवाएं। वर्ष 2020 में तीन विद्यार्थियों ने अपने डिजर्शन प्रस्तुत किये। मासिक व्याख्यान एवं शैक्षणिक गतिविधियाँ प्रयोगशाला में संचालित की गई एवं आवर्ती दक्षता जांच कार्य किए गए जिसके द्वारा स्टाफ में अप टू डेट ज्ञान को सुनिश्चित किया जा सका, जो कि प्रयोगशाला गतिविधियों का दायरा तथा राष्ट्रीय एवं स्थानीय नियामक कार्य इत्यादी के रुप में थे।

शोध :

समर्पित स्टाफ के साथ वर्तमान में 15 प्रमुख अन्वेषणकर्ता आरम्भ शोध परियोजनाएं प्रयोगशाला में जारी थी।

आणविक पैथोलोजी के चिकित्सा एवं वैज्ञानिक स्टाफ ने (12) बारह लेख पीर रिव्यूड जरनल में प्रकाशित किए एवं वो अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया।

फिजियोथेरेपी

प्रभारी अधिकारी डॉ. अनुराधा अभिजीत दप्तरदार

रोगियों की गतिशीलता, संतुलन और अनुभूति में सुधार के लिए फिजियोथेरेपी विभाग को एक वर्चुअल रिहैबिलिटेशन मशीन दान दी गई।

फिजियोथेरेपी विभाग ने व्यक्तिगत उपचारात्मक एक्सरसाइज कार्यक्रम व अत्याधुनिक तकनीकों की एक विस्तृत श्रृंखला के माध्यम से रोगियों को उनके उच्चतम स्तर के कार्य और स्वतंत्रता में पुनर्स्थापित करना जारी रखा है। फिजियोथेरेपी टीम में समर्पित फिजियोथेरेपिस्ट एवं प्रशिक्षु ऑन्को-फिजियोथेरेपिस्ट शामिल हैं। विभाग ने अंतःरोगियों (आईपीडी) देखभाल और बाह्य-रोगी (ओपीडी) दोनों सेवाएं प्रदान की। फिजियोथेरेपी विभाग का स्टाफ विभिन्न रोग प्रबंधन समूहों (DMGs) के सदस्य थे और नियमित रूप से परस्पर चर्चा करते थे जिससे बेहतर परिणामों के लिए इष्टतम पुनर्वास सुनिश्चित किया और रोगी की संतुष्टि में वृद्धि की। स्टाफ के सदस्यों ने गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) रोगियों के प्रबंधन में भी बहुमूल्य जानकारी उपलब्ध कराई।

सेवाएं :

